### निसर्ग इस्पात प्राईवेट लिमिटेड परिसर के फार्म हाउस का मामला, गड्ढे से निकाले शव

# करंट लगाकर जंगली जानवरों का शिकार तेंदुआ का शव मिलने की चर्चाएं हैं सरगर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

करंट लगाकर जंगली जानवरों का शिकार करने के उपरांत जमीन में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया। सूचना मिलने पर हरकत में आए वन विभाग के अमले ने जेसीबी से खुदाई कर दोनों सूअरों के अवशेष बरामद किए। यह पूरा घटनाक्रम सामने आने के बाद विभागीय गलियारों में हड़कंप मच गया है। जैसे रसूखदारों तक मामला पहुँचा, तो जांच दबाने का खेल भी शुरु हो गया। मामला वन परिक्षेत्र सिहोरा का है।

जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हरगढ़ के ग्राम घुघरा स्थित गोयनका के निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड परिसर (फार्म हाउस) में जंगली सुअरों का करंट लगाकर शिकार किया गया और फिर उनके शवों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। वन परिक्षेत्र सिहोरा में जंगली सुअर के शिकार का मामला बीते एक सप्ताह से सुर्खियों में है। सूत्रों के अनुसार इस पूरे प्रकरण को दबाने की कोशिशें चल रही हैं और वन विभाग के कुछ अधिकारी खुद सवालों के घेरे में हैं।

बताया जाता है कि वन विभाग को



मुखबिर से सूचना मिली थी कि निसर्ग इस्पात के कर्मचारी फार्म हाउस क्षेत्र में जंगली सुअरों का शिकार कर रहे हैं। जांच में खुलासा हुआ कि दो सुअरों को करंट लगाकर मारा गया और फिर सबूत छिपाने के लिए जेसीबी से खुदवाकर गड्ढों में दफना दिया गया।

#### तीन कर्मचारी गिरफ्तार

इस मामले में वन विभाग ने निसर्ग इस्पात के मैनेजर अनुराग द्विवेदी, जेसीबी ऑपरेटर बृजेश विश्वकर्मा और कर्मचारी मोहित दहिया को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। सूत्रों की माने तो मालिक को आरोपियों की सूची में शामिल नहीं किया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि गोयनका के रसूख के आगे वन विभाग बेबस दिखाई दिया, और सारा दोष कर्मचारियों पर डालकर कार्रवाई सीमित रख दी गई।

#### डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड निलंबित

जांच में देरी और लापरवाही पाए जाने पर डिप्टी रेंजर यादवेंद्र यादव और बीट गार्ड जितेंद्र अग्रवाल को निलंबित कर दिया गया है। दोनों को अन्य परिक्षेत्र में भेजा गया है।

सूत्रों की माने तो वन विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के पीछे के तरफ की फैंसिंग टूटी मिली जहां से अंदर प्रवेश करने पर पर कुछ दूरी पर एक तेंदुआ मृत पाया गया जिसको तत्काल वन विभाग की टीम ने 25 सितंबर की रात्रि 12/30 बजे साजा वृक्ष के नीचे झाड़ियों में मृत पाए तेंदुए के शव की आवश्यक घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया है। हालांकि अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग रखने वाला डीवीआर घटना के बाद रहस्यमय तरीके से जल गया। विभाग को आशंका है कि यह सबूत मिटाने की सुनियोजित कोशिश हो सकती है। वन विभाग की सिहोरा, कुंडम और पनागर रेंज की टीमों द्वारा लगातार सर्चिंग की जा रही है। डॉग स्क्वॉड की जांच के दौरान एक और जंगली जानवर का शव बरामद किया गया है। शव की उम्र और प्रजाति का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा।

#### हो सकते हैं और खुलासे

वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा और अनुविभागीय अधिकारी वन एम.एल. बरकडे मामले की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा सख्त वैधानिक कार्यवाही होगी।

## मुख्यमंत्री से मिले विधायक पाठक, पुल सुधार कार्य के लिए एजेंसी बदलने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर बरही–मैहर मार्ग पर महानदी के ऊपर बने क्षतिग्रस्त कुटेश्वर पुल के सुधार कार्य को लेकर महत्वपूर्ण मांग रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर निर्माण एजेंसी बदलने और पुल की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया।

बताया गया कि 26 करोड़ रुपए की लागत से इस पुल का सुधार कार्य होना है, लेकिन पुल की तकनीकी जटिलताओं के कारण अब तक तीन बार टेंडर प्रक्रिया होने के बाद भी ठेकेदार काम छोड़ चुके हैं। विधायक पाठक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस कार्य को सेतु निर्माण निगम के बजाय बाणसागर परियोजना के माध्यम से कराया जाए, ताकि अनुभवयुक्त इंजीनियरिंग टीम द्वारा कार्य शीघ्र पूरा हो सके। यह पुल बरही–मैहर मार्ग पर बाणसागर बैकवॉटर के ऊपर स्थित है, जो मैहर से अमरकंटक को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल पिछले तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है और केवल छोटे वाहनों को ही निकलने दिया जा रहा है।

तीन साल पहले पुल के पियर क्रमांक 10 के डेक स्लैब के केंटिलीवर भाग में डिफ्लेक्शन पाया गया था। इस वजह से पुल पर भारी वाहनों के गुजरने से अधिक कंपन और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पुल को भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया था।स्थानीय विधायक संजय पाठक ने क्षेत्रीय जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन कलेक्टर के माध्यम से तकनीकी जांच कराई, जिसके बाद छोटे वाहनों के लिए पुल खोला गया। लेकिन अब भी बस, ट्रक, हार्वेस्टर जैसे बड़े वाहनों के न चल पाने से कृषि कार्यों और दैनिक जीवन पर व्यापक असर पड़ा है।

विधायक पाठक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पुल का सुधार कार्य पुनः बाणसागर परियोजना के माध्यम से कराया जाए, क्योंकि मूल रूप से यही एजेंसी इस पुल के निर्माण की जिम्मेदार थी और उसके पास आवश्यक तकनीकी अनुभव भी है।

### खबर संक्षेप



#### 15 हजार की शराब जब्त, 8 प्रकरण हुए पंजीबद्ध

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय और परिवहन पर रोक लगाये जाने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के दिए निर्देश के पालन मे चलाये जा रहे अभियान के तहत निरंतर कार्यवाही जारी है। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम संसारपुर, पौनिया, पड़रभटा में दबिश दी गई। साथ ही ग्राम ककरहटा एवं ग्राम पहरुआ, चरगवां, मवई, देवरी, मोहनिया एवं बडखेड़ा में ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 129 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 57 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त किये गए एवं आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जब्त शराब की कीमत लगभग 15 हज़ार 717 रुपए है। कार्यवाही में स्लीमनाबाद वृत्त प्रभारी, उप निरीक्षक अतुल कुटार और राजेश गोंटिया शामिल थे।

#### भागवत कथा आज से

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरवारा में कार्तिक मास के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का बाहर के दीवाले में 26 अक्टूबर यानि आज रविवार से प्रारम्भ होगा जो 1 नवंबर देवउठनी एकादशी तक चलेगा। कार्यक्रम संयोजक अमित गर्ग ने बताया कि 29 अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 31 अक्टूबर को श्रीकृष्ण -रुक्मणि विवाहोत्सव ओर 1 नवंबर को श्रीकृष्ण -सुदामा चरित्र की कथा का वाचन होगा। 2 नवंबर को हवन पूर्णाहुति के साथ कन्या पूजन व विशाल भंडारा आयोजित होगा। श्रीमद भागवत कथा का वाचन नीलम मिश्रा के मुखारविंद से किया जायेगा। युवा मंडली व समस्त भक्तगणों ने लोगों से पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

#### घुमंतू मवेशियों को हटाने हांका गैंग ने की कार्यवाही

**कटनी।** सड़कों से घुमंतू मवेशियों को हटाने अभियान तेज कर दिया है। महापौर एवं निगमायुक्त के निर्देशन में हांका गैंग ने नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों, चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में कार्रवाई कर घुमंतू मवेशियों को मार्गों से हटाकर सुगम आवागमन मुहैया कराने के सार्थक प्रयास किए। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के विभिन्न मार्गों बाजार क्षेत्र गर्ग चौराहा से खिरहनी फाटक ओवर ब्रिज तक, मिशन चौक ,कमानिया गेट हनुमान मंदिर, स्टेशन चौराहा,जगन्नाथ चौक, बस स्टैंड से पन्ना मोड़, दुगड़ी नाला, सहित विभिन्न मार्गों में आवारा विचरण कर यातायात एवं व्यवस्था प्रभावित कर रहे घुमंतू मवेशियों को मार्ग से अलग कर व्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गई।

#### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़वारा।** दुष्कर्म के मामले में तीन माह से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की। पुलिस के अनुसार दिनांक 04.07.2025 को फरियादिया ने रिपोर्ट लेख कराई कि मोहित यादव के द्वारा शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाने एवं जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत पर धारा – 69,351(2) भारतीय न्याय संहिता 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में फरार आरोपी मोहित यादव पिता नन्हे यादव 23 साल की तलास हेतु प्रयास किये जा रहे थे । विवेचना के दौरान थाना प्रभारी उनि केके पटेल के मार्गदर्शन एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपित मोहित यादव को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, उनि प्रदीप जाटव, सउनि रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र कुमार, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक रविकुमार कोरी की भूमिका रही।

*पूर्णिमा यानि देव दिवाली के साथ ही कार्तिक माह का होगा समापन*

## भगवान बांके बिहारी की भक्ति में लीन हैं कार्तिक व्रतधारी महिलाएं, गूंज रहे गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पवित्र कार्तिक मास चल रहा है जिसमे स्लीमनाबाद नगर में बड़ी संख्या मे महिलाएं कार्तिक मास को विधि विधान से मनाकर विविध आयोजन कर रही है।भोर होते ही स्लीमनाबाद मैं कार्तिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगती है।

कार्तिक व्रतधारी महिलाये ब्रह्म मुहूर्त में नदी व जलाशयों मैं स्नान कर कार्तिक गीत गाते हुए दीपदान कर रही है।इसके बाद सभी महिलाएं सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर पहुँचकर भगवान बांके बिहारी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रही है। महिलाओं के द्वारा 56 प्रकार का



भोग बांके बिहारी को अर्पित कर दीपदान किया जा रहा है। इस समय तो अब घर -घर कार्तिक गीत गुंजायमान हो रहे है।

महिलाओं के द्वारा कार्तिक गीत के साथ नृत्य भी किया जा रहा। कार्तिक गृह पूजन कर सभी महिलायें एक- दूसरे को तिलक लगाती है। सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि कार्तिक मास मै प्रतिदिन सुबह स्नान करने के साथ कोमल तुलसीदलों से भगवान विष्णु या दामोदर कृष्ण की पूजा करके दीप प्रज्वलित किये जा रहे है। पूरे कार्तिक मास दीपदान होगा। दीपदान से वैभव व लक्ष्मी प्राप्ति होती है।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि भगवान बांके बिहारी को 12 मास में कार्तिक माह सबसे पवित्र था।कार्तिक मास में स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। इससे पाप का नाश होकर सुख, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कार्तिक मास में अभी 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी, 31 अक्टूबर को अक्षय नवमी, 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी और 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा यानि देव दिवाली के साथ महीने का समापन होगा।

## कैंची से हमला करने वाला अपचारी बालक को भेजा अभिरक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा कानून व्यवस्था एवं आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में चंद घंटे के अंदर प्राण घातक हमला करने वाले अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय पेश किया। जानकारी अनुसार 25.10.25 को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गोपालपुर में अशोक कुमार पिता रामदास नामदेव 40 साल निवासी ग्राम गोपालपुर को पारिवारिक विवाद के कारण कैंची से प्राण घातक चोट पहुंचाई गई। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को शासकीय अस्पताल उमरियापान में भर्ती कराया गया एवं तत्काल घटना कारित करने वाले अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने जुर्म करना स्वीकार किया जिसके विरुद्ध धारा 109(1)296 bns का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपचारी बालक को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जबलपुर स्थित बाल अभिरक्षा केंद्र में भेज दिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उनि विष्णु शंकर जायसवाल, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, आरक्षक रामसेवक का विशेष योगदान रहा।

## प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक को सौंपा बाकल थाना का स्वतंत्र प्रभार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि 43वें बैच की प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री शिवा पाठक को जिला व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पुलिस थाना बाकल का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। आदेश के अनुसार यह प्रशिक्षण अवधि 19 अक्टूबर 2025 से 18 जनवरी 2026 तक कुल 13 सप्ताह की होगी। इस दौरान सुश्री शिवा पाठक थाना बाकल में 25 अक्टूबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक कार्यरत रहेंगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों की पाक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि उनके प्रदर्शन की समीक्षा की जा सके।

### बड़वारा विधानसभा के 3 जबकि विजयराघवगढ़ से 1 विद्यार्थी शामिल

## प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के लिए कटनी जिले से चार विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनजातीय वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने और देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों एवं ऐतिहासिक स्थलों से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने एक विशेष पहल शुरू किया है। इस योजना के तहत जनजातीय विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय नेतृत्व विकास शिविर एवं शैक्षणिक भारत दर्शन भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम में कटनी जिले से चार विद्यार्थियों (2 छात्र एवं 2 छात्रा)का चयन हुआ है। जिसमें बड़वारा विधानसभा क्षेत्र से तीन जबकि विजयराघवगढ़ विधानसभा से एक विद्यार्थी शामिल है। जिले के इन छात्र-छात्राओं का चयन कक्षा दशवीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर किया गया है। जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनमें उमरियापान सांदीपनि विद्यालय के छात्र सूर्या पिता कोदू कोल (500 में 473 अंक) ,शासकीय हाई स्कूल भूला के छात्र संजय पिता होशियार सिंह (500 में 456 अंक),शासकीय मॉडल विद्यालय बड़वारा की छात्रा आयुषी पिता अनूप सिंह (500 में 464 अंक)और शासकीय मॉडल विद्यालय विजयराघवगढ़ की छात्रा प्रभा सिंह पिता गुलाब सिंह धुर्वे (500 में 472 अंक) शामिल हैं।

सांदीपनि विद्यालय उमरियापान के प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि प्रदेश स्तरीय नेतृत्व विकास शिविर एवं शैक्षणिक भारत दर्शन भ्रमण आगामी 15 नवम्बर से 21 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगा। नेतृत्व विकास शिविर में विद्यार्थियों को नेतृत्व,व्यक्तित्व विकास एवं टीम भावना पर प्रशिक्षित किया जाएगा। जबकि शैक्षणिक भारत दर्शन भ्रमण के दौरान विद्यार्थी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर अपने ज्ञान और दृष्टिकोण का विस्तार करेंगे।

*झरेला प्लांट में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन*

## बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, ट्रैफिक नियमों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से शासकीय एवं प्रायवेट संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का उपयोग, शराब के नशे में वाहन न चलाना, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाने के संबंध में जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है एवं थाना प्रभारी बड़वारा को प्रायवेट संस्थाओं में जाकर कर्मचारियों को यातायात के नियमों का सुचारु रुप से पालन कराने हेतु, कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया गया था ।






अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया एवं डीएसपी. हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा अंतर्गत झरेला व्हाईट पुट्टी प्लांट में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के थाना प्रभारी उनि केके पटेल द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के तहत व्हाईट पुट्टी प्लांट झरेला में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को एकत्रित कर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने हेतु समझाईस दी गई । एवं प्लांट में पदस्थ जिम्मेदार उच्च पदाधिकारियों को प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा दो पहिया वाहन से डियुटी आते समय हेलमेट का उपयोग नहीं करने पर ₹NO HELMET-NO ATTEDNDANCE₹ का नियत लागू करने हेतु निर्देशित किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी उनि केके पटेल एवं आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी तथा प्लांट के उच्च पदाधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय (Vice Presidence), सुदीप पाल (Seftey Officer) एवं करीब 100-150 कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### छठी मैया एवं सूर्यदेव की होती है विशेष पूजा आराधना

## नहाए खाए के साथ शुरू हुआ सूर्य उपासना का महापर्व छठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना का महापर्व छठ का पहला दिन नहाय-खाय से साथ शुरू हुआ। हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। छठ पूजा में सूर्यदेव और छठी मईया की विशेष रूप से पूजा-आराधना की जाती है जिसमें उगते और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत के नियमों का पालन करते हुए व्रत रखा जाता है। छठ पर्व में व्रती को कई तरह के नियमों का पालन करते हुए सात्विव भोजन को तैयार करते प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की मान्यता है। छठ पर्व के पहले दिन नहाय-खाय के साथ व्रत का संकल्प लिया जाता है। छठ के दूसरे दिन खरना जो कि प्रसाद होता



है उसको तैयार किया जाता है। छठ पर्व के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है जो छठ पर्व का खास दिन होता है, वहीं छठ पर्व के चौथे और आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण होता है।

छठ महापर्व के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर महिलाओं ने आम की लकड़ी से दातून किया। इसके बाद नहाकर व्रती लौकी की सब्जी के साथ चने की दाल और चावल खाई। साथ ही संतान सुख देने वाली छठी मैया और आरोग्य देने वाले भगवान सूर्य की प्रार्थना की गई। इस दिन एक ही समय भोजन किया जाता है। नहाय खाय के साथ व्रती सात्विक जीवन जीते हैं। छठ व्रत मूल रूप से महिलाएं ही करती हैं। हालांकि कुछ पुरुष भी इस व्रत को रखते हैं। मान्यता के मुताबिक, छठी मैया ने कार्तिकेय को दूध पिलाकर पाला था। इसी से छठ में दूध का अर्घ्य देने की परंपरा शुरू हुई। 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चलने वाला ये उपवास सबसे कठिन माना गया है। छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए रखा जाता है। ये ऐसा व्रत है जिसे महिला और पुरुष दोनों ही रखते हैं। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद व्रत का पारण यानी समापन होता है। खरना के दिन उपवास शुरू होता है और परिवार की श्रेष्ठ महिला 12 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं। शाम के वक्त छठी माता को बूरा वाली खीर और रोटी से बना प्रसाद चढ़ाया जाता है। साथ ही मौसम के तमाम फल छठी मां को अर्पित किए जाते हैं। इसके बाद बूरा वाली खीर और रोटी के प्रसाद से महिलाएं व्रत पारण करती हैं।

#### 'शिकायत निवारण सप्ताह' 27 से 31 अक्टूबर तक

**कटनी।** राज्य के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से कार्यालय महालेखाकार द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर में 27 से 31 अक्टूबर तक 'शिकायत निवारण सप्ताह' आयोजित किया जा रहा है। यह पहल महालेखाकार कार्यालय द्वारा अभिदाताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने और सेवा वितरण में पारदर्शिता एवं दक्षता लाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस विशेष अभियान के दौरान जीपीएफ अभिदाताओं को अपनी शिकायतें महालेखाकार कार्यालय, ग्वालियर में प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। समस्त आहरण संवितरण अधिकारी एवं लेखा संबंधी कार्यों में संलग्न अधिकारी को अभिदाताओं की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करवा सकेंगे।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश की स्थोपना दिवस पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक जिला स्तर पर 3 दिवसीय विभिन्नब कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके लिये राज्य शासन द्वारा विस्तृवत रूपरेखा जारी कर दी गई है। साथ ही सभी विभागों के विभागाध्यरक्षों और जिला प्रशासन को कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये गए हैं।

जिला मुख्यालयों पर स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, जिलावार उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध गौरव चरित्रों पर केन्द्रित, जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी।साथ ही जिला मुख्यालय पर स्थित प्रमुख शासकीय भवनों पर 1 नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, , समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों तथा महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाले स्व-सहायता समूह एवं स्टार्टअप के पदाधिकारियों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। जिला-स्तर पर आयोजित होने वाले समारोह में जिला स्तरीय संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व समितियों तथा अन्य विभागों की गतिविधियों को जोड़कर राशि की व्यवस्था की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कटाए घाट मेला की तैयारियों हेतु बैठक आयोजित करने लिखा पत्र

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कटाए घाट मेला के आयोजन एवं आवश्यक तैयारियों हेतु जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, प्रबुद्धजन एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने हेतु नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार को पत्र प्रेषित किया है। निगमायुक्त को प्रेषित पत्र में महापौर श्रीमती सूरी ने उल्लेख किया है कि नगर पालिक निगम कटनी द्वारा कटाएघाट में श्री बजरंग कटाए घाट मेले का शुभारंभ कार्तिक माह की पूर्णिमा को किया जाता है। नगर के इस ऐतिहासिक मेले में नगर निगम द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद गतिविधियां एवं विभिन्न मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

### प्रकाशोत्सव पर व्यवस्थाएं करने सौंपे दायित्व

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर्व के अवसर पर आगामी 2 नवंबर तक रोजाना आयोजित होने वाली प्रभातफेरी, 3 नवंबर को नगर संकीर्तन जुलूस के साथ ही 5 नवंबर दिन बुधवार को आयोजित प्रकाशोत्सव कार्यकम के दौरान निगम से संबंधित व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर आगामी 5 नवंबर 2025 तक तिथिवार आयोजित कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने के साथ ही आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही कराने का दायित्व स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को सौंपा है। जबकि पर्व आयोजन की निर्धारित तिथियों के दौरान कार्यक्रम स्थलों में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था का दायित्व श्री सुधीर मिश्रा प्र. कार्यपालन यंत्री आदेश जैन, प्र.सहायक यंत्री एवं मोना कारेरा उपयंत्री को तथा शुद्ध पेयजल हेतु पानी के टेंकर की व्यवस्था का दायित्व मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री तथा अभिषेक अरजरिया को प्रदान करते हुए सौंपी गई व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

### राजकुमारी मिश्रा एवं सकुन गुप्ता का निधन




**स्लीमनाबाद।** समीपस्थ ग्राम पंचायत सलैया प्यासी निवासी शिक्षक अनंतराम प्यासी की माता राजकुमारी मिश्रा का निधन 84 वर्ष की आयु में गत दिवस हो गया जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। क्षेत्रवासियों ने निवास पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह स्लीमनाबाद निवासी सेवानिवृत शिक्षक भगवानदास गुप्ता की पत्नी और अनिल गुप्ता, सुनील गुप्ता की माता सकुन गुप्ता गुरुवार की सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्लीमनाबाद स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

---

### खेतों में पककर तैयार खड़ी है धान की फसल, कटाई की तैयारी में किसान

# बादलों के डेरे ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**

शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादलों के डेरे से किसानों के चेहरे में चिंता सताने लगी। शाम तक आसमान में बादलों की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। किसानों को चिंता सताने लगी कि यदि बारिश हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा ।फिर आर्थिक समस्या उतपन्न हो जाएगी। क्योंकि खेतो मैं धान की फसल पककर तैयार होने को है। कृषक राकेश साहू,जितेंद्र हल्दकार, खोबेलाल यादव,संतोष यादव ने बताया कि खरीफ सीजन की प्रमुख धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है।

### ये होगी फसलों पर असर

आगामी सप्ताह भर मे कटाई का कार्य शुरू हो जाएगा लेकिन जिस प्रकार शनिवार को मौसम बदलाव हुआ उससे यदि बारिश हुई तो फसल खराब हो जाएगी।बारिश होने से धान की बालियों में कालापन आ जायेगा ,फसल खेतो मैं लेट जाएगी जिससे उतपन्न प्रभावित होगा। उत्पादन प्रभावित होने से किसानों की चार माह की मेहनत बेकार जाएगी क्योंकि पहले से किसान परेशान है, क्योंकि धान की फसल पर कीट व्याधि प्रकोप है जिससे धान की फसल खेत पर पैरा बन जा रही है। जहाँ धान की फसल पक गई थी उसकी हाथों से कटाई कर बोझे बांधे गए।



कृषि विभाग के प्रभारी एसएडीओ अमर सिंह एमा ने बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड मैं 25 हजार हैक्टेयर मैं खरीफ सीजन की खेती हुई है।जिसमे से 20 हजार हैक्टेयर मैं धान की फसल की बोवनी हुई है। धान की फसल 30 फीसदी पककर तैयार हो चुकी है, 70 फीसदी फसले अभी पकने को तैयार है।जिस प्रकार मौसम मैं बदलाव हुआ है यदि बारिश हुई तो धान की पकी फसल को नुकसान होगा।

### प्रतिबंध के बाद भी बहोरीबंद विकासखंड में फसल अवशेष में लगाई जा रही आग

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे खरीफ सीजन के बाद रबी सीजन की खेती का दौर शुरू हो गया है। कृषको खेतो को तैयार कर रहे है लेकिन खेतों को तैयार करने कृषक खेतो में फसल काटने के बाद खेत में आग लगाकर नरवाई अर्थात पराली जला रहे है ।जिससे पर्यावरण प्रदूषण व मिट्टी की उर्वरा शक्ति खराब हो रही है जबकि हाल ही मै जिले मे कलेक्टर ने जन सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले मैं फसल कटवाई उपरांत किसानों द्वारा नरवाई जलाने को प्रतिबंधित किया ।लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड के कृषक अपने खेतों में आग लगाकर गेहूं की बोवनी के लिए खेत



जलाकर तैयार कर रहे हैं। धान कटने के बाद यह क्रम जोरों से आरंभ हो गया है। रोज जगह जगह खेतों से उठते धुंए एवं आग की लपटों से इसे आसानी से समझा जा सकता है।बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम स्लीमनाबाद, तिहारी, जुजावल, पड़वार, छपरा में शनिवार को कृषको ने खेतो मैं पराली जलाई।जिससे धुंए से चारों ओर धुंध छाई रही। जबकि फसलों के छूटे अवशेषों को नष्ट करने के लिए कई आधुनिक उपकरण आ गए हैं। इसके बावजूद किसान नरवाई जलाकर ही खेत साफ कर रहे है। जिससे पर्यावरण तो दूषित होता ही है, खेतों के मित्र कीट भी नष्ट होते हैं।

कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र होते नहीं दिख रहा है, न ही जिम्मेदारी अधिकारी कोई ध्यान दे रहे।

### इनका कहना है

एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि कृषक पराली न जलायें इसके लिए कृषि विभाग के अमले को निर्देशित किया गया है को किसानों को जागरूक करें फिर भी यदि कृषक नही मान रहे है तो निरीक्षण कर उनके खिलाफ कारवाई की जावेगी।

---



## दलित वर्ग पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जेल भरो आंदोलन 28 को

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**

भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी की अगुवाई में हुई बैठक में भीम आर्मी के कार्यकर्ता लामबंद हुए तथा अन्याय व शोषण के विरोध में रोष व्यक्त किया। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी ने बताया कि मटवारा पेशाब कांड के आरोपियों को पुलिस प्रशासन अभी तक गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ SP ऑफिस में अपनी गिरफ्तारी देंगे और आरोपियों की जगह खुद जेल जाएंगे। 28 अक्टूबर के आंदोलन की तैयारी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरों से चल रही है।

जिला उपाध्यक्ष जयचन्द सूर्यवंशी गांव गांव जाकर 28 अक्टूबर को होने वाले आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। सूर्यवंशी ने बताया कि SC ST OBC और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग कब तक अन्याय अत्याचार सहते रहेंगे। किसी के मुंह पर पेशाब की जाती है। तो किसी को पेशाब पिलाई जाती है। किसी से पैर धुला कर उसे जबरन पिलाया जाता हैं। आखिर कब तक हम दलित आदिवासी पिछड़ों का शोषण होता रहेगा। हम 28 अक्टूबर के आंदोलन की तैयारी कर रहे है। आंदोलन में भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी प्रमुख नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पहुंच सकते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया आजाद समाज पार्टी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय कटनी अध्यक्ष चंद्र भान बौद्ध प्रभारी राम सूर्यवंशी जी एवं सभी जिलों से भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच रहे है। कटनी के कई संगठन आंदोलन में शामिल होगे।

अपने हक और अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे। जय सूर्यवंशी ने कटनी के सभी ST SC OBC अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से अपील की सभी लोग 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को 11 बजे कटनी SP ऑफिस पहुंचे। अपने हक के लिए आवाज उठाए आंदोलन को सफल बनाऐं।

---

### ग्राम झरेला की सरपंच ने अधिकारियों को लिखा शिकायती पत्र

## बिरला व्हाइट कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा नहीं कराया जा रहा कार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**

ग्राम झरेला में CSR (Corporate Social Responsibility) के अंतर्गत कोई ठोस कार्य न होने के संबंध में जांच एवं सर्वे कराने हेतु की शिकायत शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रतिष्ठित कमनी Birla White (UltraTech Cement Ltd.) वर्ष 2013 से ग्राम झरेला क्षेत्र में कार्यरत है।

कंपनी के संचालन से आसपास के क्षेत्र को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने के बावजूद आज तक ग्राम पंचायत झारेला में CSR (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत कोई ठोस, सतत या व्यापक विकास कार्य नहीं किये गए हैं। पंचायत के संज्ञान में यह बात आई है कि अब तक केवल 1-2 स्थानों पर नाममात्र की गतिविधियां की गई हैं, जिनसे ग्रामीण क्षेत्र को कोई वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हुआ। जबकि आपकी कंपनी की CSR नीति के अनुसार, स्थानीय समुदायों के मध्य विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-स्वच्छता, बुनियादी ढाँचा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में कार्य होना चाहिए।ग्राम पंचायत झारेला कंपनी प्रबंधन से यह अपेक्षा करती है कि 1. कंपनी के CSR विभाग की टीम स्वयं ग्राम झारेला में आकर वास्तविक स्थिति का सर्वेक्षण (Field Inspection) करे। 2. गाँव की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का स्थल निरीक्षण कर एक विस्तृत CSR कार्य योजना तैयार की जाए।3. अब तक कंपनी द्वारा किए गए सभी CSR कार्यों का अभिलेख पंचायत को प्रस्तुत किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।1. पचायत द्वारा सीएसआर नीति के अनुरूप निम्नलिखित प्राथमिक आवश्यकताएँ रखी जाती है।2. विद्यालयों एवं ऑगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत रंगाई-पुताई आवश्यक सामग्री। 3. ग्राम में शुद्ध पेयजल व्यवस्थाएं 4. स्वास्थ्य शिविर एवं महिला स्व-सहायता समूहों हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था। 5. युवाओं के लिए कौशल विकास व रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण। 6. सड़क, स्ट्रीट लाइट व स्वच्छता संबंधी सुधार कार्य। 7-ग्राम पंचायत झरेला पूर्ण सहयोग हेतु ततपर है एवम सीएसआर की टीम ग्राम में आकर वास्तविकता की जांच करे इस बात की पत्र के माध्यम से मांग की है की सीएसआर मद से ग्राम में विकास कार्य करवाए। ग्राम पँचायत झरेला की मुखिया ग्राम की सरपंच श्रीमती गुड्डी अवसर पाल ने बताया कि पँचायत के द्वारा बिड़ला व्हाइट अल्ट्राटेक कम्पनी के सीएसआर प्रमुख, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी कटनी सभी को पत्र के माध्यम से पत्राचार किया गया है यदि इसके बावजूद भी उच्च अधिकारियों द्वारा पँचायत के पत्र और मांगों पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई नही की जाएगी तो पँचायत ग्राम विकास के लिए अग्रिम कार्रवाई करबाने के लिए वाध्य होगी जिसकी जबाबदेही प्रशासन व शासन की होगी।

---

### आयुक्त ने केसीएस शाला की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



निगमायुक्त तपस्या परिहार ने के.सी.एस स्कूल के ऊपर कक्ष में 16 लाख रुपए से चल रहे मरम्मत कार्य के निरीक्षण के दौरान सीढ़ियों में रेलिंग लगाकर सीढ़ियों का व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने शाला प्राचार्य से शाला लगने का समय, बच्चों एवं शिक्षकों एवं कुल कक्षों की संख्या आदि की जानकारी ली तथा शाला प्रांगण का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ वर्ष पूर्व कराए गए बरामदे की मरम्मत कार्य की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नस्तियों का अवलोकन करानें के साथ ही पीछे के जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने इस दौरान शाला स्टाफ की महिला शिक्षकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा टायलेट निर्माण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा निरीक्षण के दौरान भारत निर्माण कोचिंग पहुंचकर बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली जाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

---

## विधिक साक्षरता शिविर में दी अहम जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा**

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय में स्थित व्यवहार न्यायालय मैं न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के विषय में जानकारी दी गई जिसमें चल हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है और पर्यावरण हमारे जीवन में उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण पर्यावरण के माध्यम से ही मनुष्य को जीवन जीने के लिए अनेकों प्रकार की वस्तुओं प्राप्त होती हैं जिससे मनुष्य अपना जीवन जीता है जैसे ऑक्सीजन पीने योग्य पानी जंगल से जड़ी बूटियां इमारती लकड़ी फर्नीचर की लकड़ी कार्बन डाइऑक्साइड खनिज एवं महत्वपूर्ण सोना चांदी की धातु हमें हमें इसी प्रकृति के द्वारा प्रदान की जाती है विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी




अपराध की श्रेणी में आता है कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी मैं शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है कार्यक्रम में शामिल होकर अधिवक्ता संघ के ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष राजेश प्यासी अटल वाजपेई शक्ति सिंह एवं न्यायालय का समस्त स्टाफ

---

### स्वच्छता, प्रकाश, सुरक्षा सहित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश

## महापौर ने विभिन्न घाटों पर पहुंच छठ पूजन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने नगर के बाबा घाट,बजरंग कॉलोनी घाट, छपरवाह घाट,कटाये घाट पहुँच विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

महापौर ने घाटों पर सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग एवं यातायात नियंत्रण से संबंधित तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि "छठ पर्व लोक आस्था एवं श्रद्धा का पर्व है, अतः प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना



नगर निगम की जिम्मेदारी है।"

महापौर ने घाटों पर विशेष साफ-सफाई के साथ जलस्तर की सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाने,सभी घाटों में अस्थाई चेजिंग रूम बनवाने,नागरिकों की सुविधा हेतु बाबा घाट में अस्थाई सीढ़ियों का निर्माण कराने, घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छता का संदेश देती हुई जागरूकता स्लोगन पेंटिंग कराये जाने एवं घाटों पर लगी ग्रिल पाइप की आवश्यकता अनुसार मरम्मत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इसके साथ ही सभी घाटों एवं पहुँच मार्गों में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था करने,सभी घाटों में पूजन सामग्री एकत्रित करने हेतु डस्टबिन रखवाने,घाटों में चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष रूप से समतलीकरण कार्य किया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और सामूहिक रूप से स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाएं।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी ,पार्षद सीमा श्रीवास्तव, उमेन्द्र अहिरवार,प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री आदेश जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

---

### ट्रांसपोर्ट नगर, नाला निर्माण सहित ई लाइब्रेरी के कार्य को समय पर पूर्ण करने दिए निर्देश

# निगमायुक्त ने नगर के विभिन्न स्थलों में चल रहे कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

आमजन से जुड़ी शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करानें के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के आधा दर्जन स्थलों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा सर्वप्रथम माधवनगर उपनगरीय क्षेत्र में लगभग 1 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से उप कार्यालय माधवनगर ग्राम पंचायत चौराहा से 7 इलेवन तक निर्माणाधीन आर.सी.सी नाला के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक यंत्री अनिल जायसवाल द्वारा बताया गया कि स्थल पर सुगम पानी की निकासी हेतु 500 मीटर के नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें लगभग 436 मीटर नाले का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान नाले के एक दो स्थलों में जाली क्षतिग्रस्त पाए जाने पर निगमायुक्त द्वारा जालियों की रिपेयरिंग करानें तथा सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए रोड एवं नाली के बीच के शेष कच्चे स्थल को भी पक्का करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तदोपरांत निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत ए एच पी घटक के लिए पहरूआ में चिन्हित की गई भूमि का भी निरीक्षण किया।

**ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण**

नगर में संचालित ट्रांसपोर्ट संचालकों को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट कर नागरिकों को सुचारू आवागमन व्यवस्था मुहैया कराने के



उद्देश्य से ट्रांसपोर्ट नगर में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों सहित वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी निगमायुक्त ने संपूर्ण गलियों का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त ने स्थल पर अंतरराष्ट्रीय बस स्टेंड, पेट्रोल पंप हेतु आरक्षित स्थल, वाहन पार्किंग स्थल, अतिक्रमण से रिक्त कराए गए भूखंडों, गीता भवन हेतु पूर्व में चिन्हित की गई भूमि, प्रवेश एवं निकास मार्ग, प्लांटेशन स्थल सहित विभिन्न रिक्त भूखंडों सहित निर्मित संरचनाओं का निरीक्षण किया। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निरीक्षण के दौरान ड्राइंग डिजाइन से उक्त समस्त स्थलों के साथ ही मौके पर रिक्त एवं आवंटित प्लाटों की जानकारी ली तथा योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश



अधिकारियों को दिए। ट्रांसपोर्ट नगर निरीक्षण के उपरांत निगमायुक्त द्वारा जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा तक के मार्ग का भ्रमण कर वहां संचालित होनें वाले ट्रांसपोर्ट व्यवसाय एवं मार्ग की यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा कनकने स्कूल मोड मार्ग, घंटाघर एवं रामलीला मैदान का पैदल भ्रमण कर वहां की यातायात व्यवस्था एवं वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था का अवलोकन किया गया।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान के.सी.एस स्कूल पहुंचकर वहां निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी के दो कक्षों में चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए 31 दिसंबर तक लाइब्रेरी के शेष कार्य को पूर्ण करानें के निर्देश दिए गए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निर्माणाधीन कार्य की मद, बच्चों के बैठने की कैपेसिटी एवं अब तक किए जा चुके कार्य के एवज में भुगतान की स्थिति की जानकारी लेते हुए तय ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप ही टाईमलाईन निर्धारित कर गुणवत्ता के साथ लिफ्ट, फ्लोर, पार्किंग, विद्युत फिटिंग सहित अन्य शेष कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

---



## गौसेवकों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान**

उमरियापान गौशाला में गोवर्धन एवं गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की गई।गौमाता का तिलक वंदन कर पूजन किया गया। गौ माता को गौ घास एवं गुड़-चना खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, उपसरपंच जागेश्वर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। पशु चिकित्सक डॉ. नीता मनोचा ने बताया कि उपसंचालक पशु डॉ. आर. के. सोनी और एसडीएम निधि गोहल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के अवसर में गौसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गौ सेवक राजेश राजपाल,मनोज चौधरी, अतुल दीक्षित और सौरभ यादव को समानित किया। इस दौरान फील्ड ऑफिसर एम.एल. धानका,पंचायत सचिव रमेश झारिया, अरुण गुप्ता, ओमकार चौधरी, सूरज गौटिया सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से 13 वर्षीय बालिका की मौत

**छतरपुर।** ग्राम डोंगरा निवासी 13 वर्षीय अंजली रैकवार पिता मुनीम रैकवार की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंजली इन दिनों ग्राम गंज थाना बमीठा में अपने मामा के यहां रह रही थी। बताया गया कि देर रात जब वह घर में सो रही थी, तभी किसी अज्ञात जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। परिजनों ने सुबह उसकी हालत बिगडने पर किराए का वाहन कर जिला अस्पताल छतरपुर लाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अंजली को मृत घोषित कर दिया। शनिवार की दोपहर बालिका का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सब इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत, ड्यूटी जाते वक्त हुआ था एक्सीडेंट

**छतरपुर।** पन्ना जिले के ग्राम हरदुआ निवासी सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार गौड़ पिता खिलाइयां गौड़ उम्र 35 वर्ष की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते रोज सब इंस्पेक्टर उत्तम गौड़ अपनी मोटर साइकिल से विदिशा ड्यूटी के लिए रवाना हुए थे। बताया गया कि गुरूवार को फोरलेन पर अचानक कुत्ता आ जाने से उन्होंने वाहन को बचाने की कोशिश की, इसी दौरान उनका गंभीर हादसा हो गया। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल धू-धू कर जल गई, जबकि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां से उनकी हालत नाजुक होने पर झांसी रिफर किया गया। झांसी से उन्हें आगे ग्वालियर भेजा गया, लेकिन शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे ग्वालियर अस्पताल के गेट पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### बैठक आज

**दमोह।** जिले में उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन व्यवस्था लागू किए जाने के संबंध में आज 26 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### कतकारियों और कलाकारों के बीच संगीत के साथ हुई नोकझोंक

**ईशानगर।** कृष्ण भक्ति के पावन मास कार्तिक में महिलाएं कार्तिक स्नान कर भक्ति में लीन हैं। जिसकी बानगी ईशानगर क्षेत्र गहरवार में भी देखनों को मिली श्री कृष्ण की कृपा पाने के लिए महिलाएं भगवान का व्रत करती है और ब्रह्म मुहूर्त में ही पवित्र नदी, तालाब में स्नान कर भगवान की पूजा अर्चना कर रही हैं। कार्तिक मास में कृष्ण भक्त महिलाओं को ग्वाल रूपी भक्तों द्वारा मार्ग में रोक कर उन्हें भजन कीर्तन साथ छेडने और उन्हें उपहार देने की परंपरा है। इसी परंपरा को निभाते हुए पूर्व विधायक आशा रानी एवं उनके पुत्र भुवन विक्रम सिंह केशु ने अपने निज निवास ग्राम रतनगढ़ी गहरवार के प्रसिद्ध श्री राम जानकी मंदिर में भगवान जी से क्षेत्रवासियों की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना के लिए माथा टेका।

# कुएं में गिरी गाय और नाले की दलदल में फंसी भैंस को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बचाया

### जान जोखिम में डालकर घंटों चला रेस्क्यू अभियान, दोनों मवेशियों को सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





ग्राम पंचायत बम्होरी मानगढ़ के मोटे हार में उस समय हड़कंप मच गया जब घांस और झाड़ियों के बीच चरती हुई एक गाय अचानक 30 फीट गहरे बिना मुड़ेर के कुएं में जा गिरी सुबह-सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी जिसके बाद कार्यकर्ताओं की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। गाय को बचाने के लिए बजरंग दल की टीम ने बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया कुएं में पानी भरा होने और गहराई अधिक होने के बावजूद कार्यकर्ता जान की परवाह किए बिना सीढ़ियों के सहारे कुएं में उतरे रस्सियों के सहारे ऊपर खड़े सदस्यों ने समन्वय बनाकर धीरे-धीरे खींचते हुए गाय को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता पाई। गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के कुछ ही समय बाद टीम को एक और सूचना मिली कि पास के बहेरे हार क्षेत्र में बहने वाले जंगली नाले के दलदल में एक भैंस फंसी हुई है। कार्यकर्ता तुरंत दूसरे स्थान पर पहुंचे जहां भैंस की स्थिति नाजुक थी। नाले में उतरकर बजरंग दल के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद भैंस को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एक ही दिन में कुएं में गिरी गाय और दलदल में फंसी भैंस दोनों की जान बचाने का यह रेस्क्यू बजरंग दल के सदस्यों की हिम्मत और समर्पण का प्रतीक बन गया । ग्रामीणों ने टीम की त्वरित कार्रवाई और सेवा भावना की सराहना की। बजरंग दल कार्यकर्ता न सिर्फ रेस्क्यू कार्यों में बल्कि गौवंश के उपचार चारा और देखरेख की जिम्मेदारी में भी सक्रिय रहते हैं। विगत दिनों महुआ खेड़ा जलाशय में मगरमच्छ के हमले से घायल गोवंश को जंगल से निकालकर गौशाला तक पहुंचाना और उपचार न मिलने पर घर पर रखकर सेवा करना उनकी निष्ठा का उदाहरण रहा।

टीम प्रमुख दिनेश सिंह घोसी, अभिषेक राय , गजेंद्र सिंह, लकी तिवारी, दीपक गुप्ता, विजय यादव, अभिषेक रजक, अमित सिंह और अन्य कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही जिन्होंने बिना किसी संसाधन के अपने साहस और सेवा भावना से मवेशियों की जान बचाया।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

थाना क्षेत्र के बटियागढ़ बक्सवाहा मार्ग पर बटियागढ़ पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया। दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया तो वहीं चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाकर ड्राइविंग करने के निर्देश दिए गए। बता दें कि लगातार क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर बटियागढ़ थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बटियागढ़ थाना एसआई शेष कुमार दुबे, एएसआई सुरेश, आदर्श बटियागढ़ थाना की पुलिस मौजूद रहे।

## प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन आज

**दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह के तत्वाधान में प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन दमोह में हो रहा है दमोह के सागर नाके के पास मौजूद उत्सव विलास पैलेस में यह कार्यक्रम रविवार सुबह 11:30 से शुरू होने जा रहा हैं प्रान्त स्तरीय इस कार्यक्रम का आयोजन दमोह में हो रहा है इसमें पूरे प्रांत से चुने हुए स्कूलों की टीमें दमोह पहुंच रही हैं और यहां पर समूह गान प्रस्तुत करेंगी इन में से विजय प्रतिभागियों को यहां से सम्मानित किया जाएगा, ये प्रतियोगिता स्कूली छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से हर साल आयोजित की जाती हैं. यह पहला मौका है जब दमोह इस प्रांत स्तरीय कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं को संवर्धन विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया करेंगे,विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र अनिल डागा रहेंगे, वहीं समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सह बौद्धिक प्रमुख रामलाल पटेल उपस्थित रहेंगें वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी करेंगे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख अनिल दगा मौजूद रहेंगे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ समाजसेवियों और गणमान्य लोगों से उपस्थित की अपील की गई है।


## बुंदेलखंडी पारंपरिक दिवारी का हुआ भव्य आयोजन



**नरसिंहगढ़।** जिले के नरसिंहगढ़ में किले वाली माता मंदिर के सामने कारस देव बाबा स्थल पर शनिवार को बुंदेलखंड की पारंपरिक दिवारी का विशेष आयोजन किया गया। यह आयोजन यादव समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक बुंदेली अंदाज में नृत्य और दिवारी गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरवासी एकत्र हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम भी है। कार्यक्रम की जय श्री कृष्णा बलराम कारसदेव महाराज की जय दीपावली की चौथ को ग्राम नरसिंहगढ़ में श्री कृष्ण बलदाऊ कारस देव की प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूजा अर्चना की गई एवं सभी ग्राम वासियों एवं सनातनी धर्म प्रेमियों के प्रसन्न,स्वस्थ की मंगलमय की कामना की इस अवश्य पर मुकुंद यादव, बल्कु यादव, हल्ले भाई यादव, अंतू यादव, ,राहुल यादव श्री राम यादव, योगेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव एवं समस्त यादव समाज एवं समस्त धर्म प्रेमी बंधु उपस्थिति रहे। कार्यक्रम देखने पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि नरसिंहगढ़ पंडित राजेंद्र बिदौलिया जनपद सदस्य नरसिंहगढ़ ललती, संतोष मोदी, मुड़ी ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## कनियाघाट स्टॉप डैम से बह रहा हजारों लीटर पानी

### गेट सही तरीके से बंद न होने से सिंचाई विभाग की कार्यवाही पर उठे सवाल



**बनवार।** दमोह जिले में कलेक्टर के आदेश पर नदियों पर बने स्टॉप डैम के गेट बंद करने की कार्रवाई तो की गई, लेकिन कनियाघाट स्टॉप डैम की स्थिति देखने के बाद यह कार्रवाई महज़ औपचारिकता साबित होती नजर आ रही है। ब्यारमा नदी पर बने कनियाघाट स्टॉप डैम के गेट पूरी तरह से बंद नहीं किए गए हैं, जिसके चलते प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्टॉप डैम में लगे कई गेट चोरी हो चुके हैं, जबकि कुछ गेट टूटे पड़े हैं। ऐसे में नदी का कीमती पानी गेटों के बीच से बहकर निकल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्षा सत्र के पहले इन गेटों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है, और बरसात समाप्त होने के बाद पुनः लगाए जाते हैं। लेकिन इस बार गेट लगाने में भारी लापरवाही बरती गई है। जानकारी के अनुसार, स्टॉप डैम के गेट लगाने और बंद करने का ठेका जिस एजेंसी को दिया गया है, उसकी कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। एजेंसी द्वारा गेटों की फिटिंग सही ढंग से न किए जाने के कारण डैम से लगातार पानी बहता जा रहा है। यह पानी जहां सिंचाई और पेयजल के लिए उपयोगी हो सकता था, वहीं अब व्यर्थ बहकर नदी में मिल रहा है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से तत्काल प्रभाव से गेटों की मरम्मत कराने और जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गेट सही तरीके से नहीं बंद किए गए तो आने वाले दिनों में क्षेत्र में जल संकट गहराने की पूरी संभावना है। कनियाघाट स्टॉप डैम की लापरवाही ने यह साफ कर दिया है कि प्रशासनिक आदेश तभी कारगर होते हैं जब जमीनी स्तर पर उनका पालन जिम्मेदारी से किया जाए अन्यथा योजनाएं कागजों पर पूरी और धरातल पर अधूरी ही नजर आती हैं।

## अत्याधिक ध्वनि वाले अवैध कैल्सियम कार्बाइड गन (देशी गन) के उपयोग एवं विक्रय पर प्रतिबंध-जिला मजिस्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की सीमा में प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध कैल्सियम काबाईड गन (देशी गन) के उपयोग करने से कानून एवं व्यवस्था तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति को रोकने व आमजन के जान-माल को आसन्न खतरा उत्पन्न होने की स्थिति को रोकने हेतु इस पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु दमोह जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रांकित कर जारी किया गया है।

जारी आदेश में कहा गया दमोह जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध कैल्सियम काबाईड गन (देशी गन) में उपयोग करने को प्रतिबंधित किया गया हैं। प्रतिबंधात्मक पटाखे जो उक्तानुसार रहेगें। इनमें पटाखे जिनके निर्माण में Barium salt का उपयोग किया गया हो। पटाखे जिनकी तीव्रता विस्फोट स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो। पटाखे जिनमें निर्माण में Antimony, Lithium, Mercury, arsenic, lead, strontium, chromate का उपयोग किया गया हो। जारी आदेश में कहा गया प्रतिबंधात्मक गतिविधियां उक्तानुसार रहेगी। इनमें पटाखों का ई-कामर्स कंपनियों अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाईन विक्रय तथा गैर लायसेंसी व्यक्तियों द्वारा विक्रय प्रतिबंध रहेगा। इस प्रकार रात्रि 07 बजे से पहले तथा रात्रि 10 बजे के बाद पटाखे जलाना प्रतिबंध रहेगा। त्यौहारों के दौरान घोषित शांत क्षेत्रों अर्थात अस्पताल , नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षण संस्थानों, न्यायालयों, धार्मिक स्थलों इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखे जलाना एवं आयुध निर्माणियों, पेट्रोल पंप, गैस गोदाम, पटाखा बाजारों इत्यादि अन्य ज्वलनषील स्थानों पर पटाखा चलाना प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध कैल्सियम काबाईड गन (देशी गन) का भंडारण तथा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं।

उपरोक्त आदेश का परिपालन कराने हेतु जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दमोह होंगे उपखण्ड मजिस्ट्रेट समस्त जिला दमोह (अपने क्षेत्रांतर्गत) सहायक नोडल अधिकारी होंगे, जिनके उक्तानुसार दायित्व होंगे। उपखण्ड मजिस्ट्रेट (सहायक नोडल अधिकारी) अपने क्षेत्र अधिकार अंतर्गत दल गठित किया गया हैं। संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद, संबंधित क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी दल में शामिल होंगे। उपरोक्त गठित दल आगामी 02 दिवस में प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध कैल्सियम काबाईड गन (देशी गन) के विक्रय/भंडारण/निर्माण के संबंध में जांच एवं निरीक्षण कराते हुये जांच प्रतिवेदन संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट (सहायक नोडल अधिकारी) को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे। जारी आदेश में कहा गया उपखण्ड मजिस्ट्रेट (सहायक नोडल अधिकारी) उपरोक्त जांच प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत सहित तत्काल जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दमोह को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है और चूकि यह आदेश जन सामान्य के जान-माल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोकशांति भंग होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया जा रहा है इसकी तामीली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यक रूपेण कराया जाना एवं सुनवाई किया जाना संभव नही हैं। अतः यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया जाता हैं। सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से सर्व संबंधितों को अवगत कराया जा रहा है।

## पत्नी ने नहीं बनाई रोटी तो पति ने तवे से की बेरहमी से पिटाई, महिला गंभीर रूप से घायल



**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ में घरेलू विवाद के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पति ने अपनी पत्नी को मात्र इसलिए बेरहमी से पीट दिया क्योंकि उसने सुबह रोटी नहीं बनाई थी। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय सुमन राठौर अपने पति और तीन बेटियों के साथ घर पर थी। सुबह के समय रोटी न बन पाने पर पति को गुस्सा आ गया और उसने रसोई में रखे तवे से ही सुमन पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके पैर में गहरी चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गई। किसी तरह अपनी जान बचाते हुए सुमन तीनों बेटियों को लेकर छतरपुर बस स्टैंड पहुंची। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत महिला पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद महिला पुलिस बल ने घायल सुमन और उसकी बेटियों को सिटी कोतवाली पहुंचाया और उपचार की व्यवस्था कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पति फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### कलेक्टर के निर्देश पर कचरा फेंकने वाले 14 व्यक्तियों के कटे चालान, 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश और मुख्य नगरपालिका अधिकारी माधुरी शर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक के मार्गदर्शन में नगर पालिका छतरपुर द्वारा शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को नगरपालिका टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वाले 14 व्यक्तियों एवं दुकानदारों पर चालान कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई जोन प्रभारी कुलदीप तिवारी, वार्ड प्रभारी, सुपरवाइजर एवं नगरपालिका स्वच्छता टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की गई। टीम ने मौके पर जाकर कचरा फेंकने वालों को चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, नालियों या नालों में कचरा फेंकते पाए जाने पर उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ माधुरी शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## जीत भीड़ के साथ नहीं भगवान के साथ होती है: पीठाधीश पं. शास्त्री

### बागेश्वर महाराज की जन्मस्थली में चल रही है संगीतमय श्री सत्यनारायण कथा



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की जन्मस्थली में श्री सत्यनारायण की कथा चल रही है। पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने मुखारविंद से ही श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण करा रहे हैं । यह शायद देश का पहला अवसर होगा जहां संगीत के साथ तीन दिनों तक श्री सत्यनारायण की कथा की जा रही है। दूसरे दिन की कथा में महाराज श्री ने कहा कि जीत भीड़ के साथ नहीं भगवान के साथ होती है। उन्होंने महाभारत युद्ध के प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि भीड़ कौरवों के साथ थी लेकिन भगवान पांडवों के साथ थे इसलिए पांडवों की विजय हुई।

मंगल आरती के साथ शुरू हुई दूसरे दिन की कथा में जहां बद्रीनाथ धाम से पधारे पूज्य बालक योगेश्वर दास महाराज की सन्निधि प्राप्त हुई। वहीं प्रख्यात कथा व्यास श्री धाम वृंदावन से आए पूज्य इंद्रेश महाराज की भी गरिमामय उपस्थिति रही। महाराज श्री ने कथा क्रम में कहा कि सत्य ही ईश्वर है इसीलिए सत्यनारायण कहा जाता है। उन्होंने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि सत्य की अवधारणा पर ही पृथ्वी टिकी है, सूर्य तप रहा है। जिसने सत्य को जान लिया उसने ईश्वर को जान लिया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में भगवान शिव स्वयं माता पार्वती से कहते हैं कि भगवान का भजन ही सत्य है बाकी जगत मिथ्या है। स्वयं को सत्य पर उतरना होगा तभी जगत का सत्य दिखाई देगा। महाराज जी अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहते हैं कि उस समय बड़ा आनंद था, सुबह से उठकर धाम पहुंचना हैंडपंप में स्नान करने के बाद खूब पूजा पाठ करना, भगवान भोलेनाथ के दर्शन करना, लेकिन अब समय बदल गया है इतनी व्यस्तता हो गई की नियम करना कठिन हो गया है।

**जो सहता है वही जीतता है: इंद्रेश उपाध्याय:** श्री धाम वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित इंद्रेश उपाध्याय बागेश्वर धाम पहुंचे, वहां उन्होंने बालाजी और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद बागेश्वर महाराज से भेंट की। महाराज श्री की माताजी का आशीर्वाद लेते हुए उनके हाथ का बनाया प्रसाद ग्रहण किया। इंद्रेश महाराज ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि जो सहता है वही जीतता है। इस छोटी सी कुटिया से निकलकर पूरी दुनिया में सनातन का परचम लहराने वाले बागेश्वर महाराज ने अपने इस जीवन में तमाम बाधाएं सहीं। यहां देखकर मन अत्यंत प्रसन्न है। यहां आने से जो भाव उत्पन्न हो रहे हैं वह सिर्फ हृदय में है, उन्हें शब्दों में नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रकृति और देश में बदलाव लाने वाले लोग ऐसे ही स्थान से निकलते हैं।

**द ग्रेट खली ने की यात्रा में शामिल होने की अपील**

शनिवार का दिन बागेश्वर धाम में वैसे ही प्रेतराज दरबार के कारण भीड़ से भरा रहता है, लेकिन इस दिन एक प्रख्यात कथा वाचक और एक जाने-माने फाइटर के पहुंचने से भीड़ और बढ़ गई। द ग्रेट खली शनिवार को बागेश्वर धाम आए उन्होंने बालाजी का आशीर्वाद दिया और महाराज श्री का आशीर्वाद लेने के साथ फोटो भी खिंचवाई। ग्रेट खली ने सभी सनातनी प्रेमियों से कहा कि वह बागेश्वर महाराज की 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन जाने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हो क्योंकि यह पदयात्रा महाराज श्री सभी सनातनी प्रेमियों के लिए कर रहे हैं।

# हटा एसडीएम कार्यालय के प्यून और अधिवक्ता में मारपीट, दोनों ने एक दूसरे के सिर पर मारी ईंट

## घायल अवस्था में दोनों पहुंचे अस्पताल, रूपयों के लेनदेन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





नगर में शनिवार शाम बस स्टैंड पर एक अधिवक्ता और एसडीएम कार्यालय के प्यून के बीच झड़प हो गई, विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के सिर पर ईंट मार दी, जिससे दोनों ही घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को हटा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।
घटना के सम्बंध मैं अधिवक्ता इमरत कुशवाहा ने बताया कि जब भी वह एसडीएम कार्यालय जाते हैं वहां पदस्थ प्यून संजय नेमा बार-बार रूपयों की मांग करता है। इससे पहले एक दो बार मैंने उसे 100 ,50 रुपए दे भी दिए, लेकिन वह हर बार जिद करके रूपये मांगता है। शनिवार शाम जब मैं बस स्टैंड के पास चाय पी रहा था, तो उसने आकर रूपये मांगे। मैंने मना किया तो उसने मुझसे बहस की और वहां से चला गया। चंद मिनट बाद अपने भतीजे के साथ वहां लौटा। भतीजे ने मेरे दोनों हाथ पकड़ लिए और उसने मेरे सिर पर ईंट मार दी, जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं इस मामले में प्यून संजय नेमा का कहना है की बस स्टैंड के पास एक दुकान पर अधिवक्ता ने मुझे चाय पीने के लिए बुलाया था और एक जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा तो मैंने कहा कि मैं कोशिश करता हूं पैसों के लेनदेन की कोई बात नहीं हुई। अचानक अधिवक्ता अमित कुशवाहा गुस्से में आ गए और उन्होंने मेरे सिर में ईंट मार दी, जिससे मेरे सिर में चोट आई। घटना की खबर लगते ही अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सभी अधिवक्ता सिविल अस्पताल पहुंच गए। जहा उन्होंने घायल अधिवक्ता का हाल जाना और घटना की जानकारी ली।
वही हटा टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय का कहना है कि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक बातचीत में अभी विवाद का सही कारण सामने नहीं आया है। कुछ रूपयों के लेनदेन की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण में बारीकियों को समझे ताकि इसका फायदा विद्यार्थियों को हो सकेगा-कलेक्टर

## कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



निदानात्मक कक्षाओं के संचालन हेतु लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मॉड्यूल प्रदान किए गए हैं, इन मॉड्यूल पर आधारित शिक्षण को सरल एवं बोधगम्य बनाने हेतु प्रतिमाह जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पॉलिटेक्निक कॉलेज के चार कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रत्येक कक्ष में जाकर प्रशिक्षण में आवश्यक सुधार हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा आप जिस भी विषय वस्तु में अपने आप को कठिनाई महसूस करते हैं उसे बेहिचक मास्टर ट्रेनर के संज्ञान में लाएं, जो व्हाट्सएप ग्रुप बने हुए हैं उन व्हाट्सएप ग्रुप पर अपनी समस्या लिखें ताकि सारी समस्याओं के आधार पर अगले माह मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे सकें जिससे प्रत्येक शिक्षक की समस्या का भी निदान होगा तथा इसका फायदा विद्यार्थियों को हो सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान निरंतर मास्टर ट्रेनर तथा शिक्षक एक दूसरे से संवाद करें तथा प्रशिक्षण को कक्षा अध्यापन न बनने दे। उन्होंने कहा आगामी 3 माह वार्षिक परीक्षा को शेष हैं जिसमें आप सभी पूर्ण लग्न एवं निष्ठा के साथ अपने विद्यालय में अध्यापन में लग जाए। आगामी प्रशिक्षण सत्रों में बैठक व्यवस्था को आकर्षक बनाने एवं शिक्षकों से अनुरोध फीडबैक प्राप्त करने हेतु भी निर्देशित किया। अंग्रेजी विषय के प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों को अंग्रेजी में दक्षता हासिल करने हेतु अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन हेतु निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की विभिन्न विषय वस्तु में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना एवं कमजोर विद्यार्थियों को सरल एवं बोधगम्य भाषा में विषय वस्तु के अध्यापन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना है।

## दौलत राय का निधन



**पटेरा।** पटेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पटेरिया निवासी दौलत राय का 63वर्ष की उम्र में हृदय गति रुक जाने से शनिवार 25 अक्टूबर को निधन हो गया। वह पत्रकार मुलाम राय के बड़े भाई थे। वह मिलनसार और हसमुख व्यक्ति थे, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम पटेरिया के मुक्ति धाम में किया गया जिसमे बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग शामिल हुए ।

# दो स्थाई वारंटी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह देहात थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक श्री एच.आर. पाण्डे के निर्देशन में की गई। थाना दमोह देहात में वर्ष 2022 में दर्ज अपराध क्रमांक 781/22 के तहत आरोपी फहीम कुरैशी पिता इल्यास कुरैशी निवासी चमन तिगड्डा, बजरिया नं. 01 दमोह देहात तथा आरोपी रशीद उर्फ रसीद बहीद कुरैशी उम्र 24 वर्ष निवासी चमन तिगड्डा, गढ़ी मोहल्ला दमोह, बीते तीन वर्षों से फरार थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दोनों आरोपियों की तलाश तेज की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा द्वारा विशेष टीम गठित कर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दोनों फरार आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा, प्रआर. 187 भानू, प्रआर. 465 अरुण मिश्रा, प्रआर. 323 शेख लतीफ, प्रआर. 458 राकेश मिश्रा, आरक्षक 589 देवेन्द्र, आरक्षक 352 नितिन राज तथा सै. 64 राकेश दुबे का सराहनीय योगदान रहा। थाना दमोह देहात पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में मदद मिली है तथा फरार आरोपियों पर शिकंजा कसने में सफलता प्राप्त हुई है।

## रेस्ट हाउस परिसर से बाईक चोरी

**पथरिया।** नगर के देव संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास व रेस्ट हाउस परिसर में रखी विगत 24 अक्टूबर 2025 को अलंकार स्टूडियो शिवनंदन सोनी की होंडा साइन मोटर साइकिल एमपी 34-एम ई 6046 शाम 6-7 के बीच चोरी हो गई। जब काफी देर ढूंढने पर भी नही मिली तो पुलिस थाना जाकर जानकारी दी जिस पर आवेदन लेकर कार्यवाही की बात कही।

# वृद्धाश्रम में जिन भी संसाधनों की कमी है उन्हें पूर्ण किया जाएगा: विधायक मलैया



**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया अपना घर (वृद्धाश्रम) पहुँचे। उन्होंने वृद्ध जनों से संवाद किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री मलैया ने संबंधित अधिकारियों से कहा वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा विधायक निधि से विभिन्न संसाधन एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई थीं, जिनका अवलोकन किया गया। श्री मलैया ने कहा कि आश्रम में यदि किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।

# हमारे अच्छे बुरे कर्मों के जिम्मेदार हम स्वयं होते हैं : आचार्य विशुद्ध सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





भगवान के पास जाने मात्र से भगवान नहीं बन सकते स्वयं से मिले बिना भगवान नहीं बना जा सकता। भगवान से मिलना स्वयं से मिलना है अपनी आत्मा से मिलना है इसलिये कभी भगवान को छोड़ना नहीं। क्योंकि भगवान की भक्ति से ही हमे संसार से मुक्ति की शक्ति प्राप्त होगी। संसार में प्रत्येक कार्य भगवान की कृपा से नहीं मानना चाहिए अन्यथा गाय के गले पर धुरी चलाने वाला भी इसे भगवान की मर्जी मान लेगा। भगवान को कर्ता मत बनाईये। हमारे अच्छे बुरे कर्मो के जिम्मेदार हम स्वयं होते है। मनुष्य जिस पर्याय में होता है उसी का आनंद आता है। मनुष्य पर्याय में सिद्धो का आनंद नहीं आ सकता। संसारी मनुष्य को संतो के सुख का आभास नहीं हो सकता। संतो की साधना करने वाले देव बनते है और अरिहंत की साधना करने वाले देवादिदेव बनते है। उपरोक्त उदगार चर्या शिरोमणी पट्टाचार्य मुनि श्री विशुद्व सागर जी महाराज ने सिटिनल स्थित सिंघई जैन धर्मशाला में आयोजित उपकार दिवस पर अभिव्यक्त किये। इसके पूर्व दीप प्रज्जवलन एवं मंगलाचरण उपरांत समाज की विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधियों के द्वारा आचार्य संघ को श्रीफल अर्पित किये गये। इस मौके पर आचार्य श्री के अलावा आज के दिन वर्षो पूर्व दीक्षा ग्रहण करने वाले मुनि श्री समकित सागर जी, मुनि श्री सहर्ष सागर जी, मुनि श्री सार्थसागर जी, मुनि श्री सिद्वार्थ सागर जी, मुनिश्री सार्थकसागर, मुनि श्री सम्यक सागर जी एवं मुनि श्री सत्यार्थ सागर जी को समाज के श्रेष्टी वर्ग के द्वारा शास्त्र भेंट किये गये।

उपकार दिवस पर सर्वप्रथम मुनि श्री सम्यक सागर जी ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरू के उपकार से बढ़कर इस संसार में कुछ नहीं है। योग्य उपादान मिलने पर आयोग्य भी योग्य बन जाता है। मैं तो गुरू के चरणो की धूल था उन्होनें मुझे पंच परमेष्ठी के पद पर आसीन करा दिया।

मुनि श्री समकित सागर जी ने कहा कि गुरू ने हमें उपकार दिया है उन्होनें रतनत्रय दयी उपहार दिया है जिससे देवतत्व की प्राप्ती संभव है। मुनि श्री सार्थक सागर जी ने कहा कि गुरू के उपकार को शब्दो से व्यक्त नहीं कर सकते मां बाप और शिक्षक भी हमारे गुरू होते है किंतु आचार्य भगवन परम उपकारी है क्योंकि उन्होनें हमें मोक्ष मार्ग में लगाया। उपकारी के उपकार को जो भूलता है वह महापापी है।

मुनि श्री सत्यार्थ सागर जी महाराज ने कहा कि मैं तो बांस का टुकड़ा था गुरू ने तराश कर हमें बांसुरी बना दिया। मैं तो कंकड था गुरू ने हमें कोहिनूर बना दिया। गुरू हमें मां की तरह डांटते है और पिता के समान हमें वात्सल्य देते है। मुनि श्री सहर्ष सागर जी महाराज ने कहा कि गुरू के गुणगान को गाने का दिल है। जिसके जीवन में गुरू नहीं उसका जीवन शुरू नहीं होता है। जब जीवन में सारे रास्ते बंद हो ता गुरू ही दिशा बनाते है। गुरू के चरणो में अद्भुत आनंद आता है जो समर्पित होता है वहीं सार्थक होता है। मुनि श्री सिद्वार्थ सागर जी ने कहा कि गुरू भक्ति से मुक्ति मिल सकती है। मुनि संघ के आहार के पश्चात जबलपुर की ओर पद विहार हो गया।

# गाय से अमानवीय कृत्य

## बजरंग दल ने आरोपी को पुलिस को सौंपा

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी में एक युवक द्वारा गाय के साथ अमानवीय कृत्य का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात की है। ग्राम बम्होरी में गाय मालिक ने अपने पशु के साथ युवक को आपत्तिजनक स्थिति में देखा, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। घटना की जानकारी तुरंत बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं को दी गई। बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और डायल 112 पुलिस को सूचित किया। उन्होंने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस टीम, गाय मालिक और बजरंग दल कार्यकर्ता आरोपी को लेकर नोहटा थाना पहुंचे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया और शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि ग्राम बम्होरी निवासी युवक के विरुद्ध गाय के साथ अमानवीय व्यवहार करने की शिकायत मिली थी। इस पर कानूनी कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है और मामले की जांच जारी है। इस घटना के बाद गांव में लोगों में नाराजगी है। स्थानीय संगठनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।



# शराबबंदी का विरोध करने पर महिला को दी गालियां और जान से मारने की धमकी

## डेलनखेड़ा में शराब माफिया की दबंगई से दहशत का माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार

जिले की जबेरा तहसील के ग्राम डेलनखेड़ा में शराबबंदी लागू होने के बाद एक महिला को गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम की रहने वाली लक्ष्मी बाई ठाकुर पत्नी अनारी सिंह ने थाना जबेरा में शिकायत दर्ज कराई है कि शराब माफिया सौरभ झारिया पिता मुन्ना लाल ने 24 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे उन्हें गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।
लक्ष्मी बाई ने बताया कि 22 अक्टूबर को ग्रामवासियों और भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू की गई थी। सरपंच द्वारा इसका प्रस्ताव तैयार कर एएसआई अशोक सिंह को सौंपा गया था लेकिन इसके बावजूद सौरभ झारिया गांव में अवैध शराब और गांजा बेचने का काम लगातार जारी रखे हुए विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि तेरे टुकड़े टुकड़े कर जंगल में फेंकवा दूंगा। घटना के समय मौके पर मौजूद ग्रामीण सुषमा यादव पत्नी पप्पू यादव साधना यादव पत्नी भूजजल यादव और मीना रानी पत्नी भान सिंह ने भी पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की है लक्ष्मी बाई ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव में शराबबंदी के बाद से ही अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ विरोध तेज है बताया जा रहा है कि ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई थी जिसका ज्ञापन मौके पर मौजूद एएसआई को भी सौंपा गया था इसके बावजूद गांव में अवैध शराब और गांजे की बिक्री जारी है जिससे माफियाओं को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है अब जबेरा पुलिस के सामने गांव में शराबबंदी को प्रभावी रूप से लागू कराना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, हादसे के बाद चालक के साथ हुई मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शनिवार को 4 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर तेंदूखेड़ा मार्ग पर नगर मुख्यालय से 10 किमी 27 मील के पास एक माल वाहन ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में किसी को कोई भी चोटे नहीं आई है लेकिन ट्रक में लौड दवाइयां नीचे बिखर गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 से पायलट नीरज बिदौलिया सैनिक मनोहर सींग ठाकुर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में मिली जानकारी ट्रक क्रमांक MP 20 ZS 3207 जो कि जबलपुर से सागर जिले के देवरी महाराजपुर जा रहा था लेकिन 27 मील के पास चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। वाहन में सवार जाहिर सिंह और संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि वह खेतों की कीटनाशक व अन्य सामग्री और दवाइयां लेकर जबलपुर से तेन्दूखेड़ा होते हुए देवरी जा रहे थे। लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। वहीं घटना के बाद वाहन चालक के साथ उसके साथी ने बीच सड़क पर मारपीट करना शुरू कर दी और गंदी गंदी गालियां देते हुए नजर आया। वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा रोका गया और समझाया गया जिसके बाद ड्राइवर के साथ मारपीट बंद की गई। वहां से गुजरे रहे राहगीरों द्वारा बताया गया है घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। जहां मौके पर पुलिस पहुंच गई थी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूटी पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत कक्षा 12वीं में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत ग्रामके शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में वर्ष 2024 _25 में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्र कुमारी श्वेता पिता श्री कृष्ण कुमार शर्मा को स्कूटी प्रदाय की गई है। छात्र जब स्कूटी लेकर के अपने विद्यालय पहुंची तो विद्यालय की समस्त छात्राओं के चेहरे खिल गए तथा छात्राओं में प्रति स्पर्धा की भावना जागृत हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जवाहरलाल प्रधान के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया कि जो भी छात्रा इस वर्ष भी विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करेगी। उसे शासन की योजना के तहत इसी प्रकार स्कूटी प्रदाय की जावेगी। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं समस्त छात्राएं उपस्थिति रही।

## प्रभारी अधिकारी व लेखापाल के भरोसे चल रही नगर परिषद

**पथरिया।** नगर परिषद में विगत कई माह से नगर परिषद तेंदूखेड़ा के लेखापाल दीपक कोष्टी को नगर परिषद पथरिया का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जिससे समय पर कोई कार्य नहीं हो पा रहे हैं। वही कब वह नगर परिषद पथरिया में कब आ रहें कोई निश्चित नही वही मोबाइल रिसीव नही करते जिससे समय पर कार्य नही हो पा रहे थे। वही ऐसे ही हाल नगर परिषद में विगत दिनों से सीएमओं रितु पुरोहित को पथरिया के साथ अतिरिक्त में नगर पालिका हटा का प्रभार रहा जिससे कभी दमोह में मीटिंग तो कभी हटा में होने की जानकारी रहती थी जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता था और अब लेखापाल का भी ऐसा ही हाल है।